मेरे सँवारे अपनी दया का खजाना

मेरे सँवारे अपनी दया का खजाना तुझे आज हम पे लुटाना पड़े गा,
पड़ी जो मुसीबत तो तुम को पुकारा,
हमारी कसम तुमको आना पड़े गा,
मेरे सँवारे

भवर में पड़ी है नइयाँ हमारी कही दूर तक अब किनारा नहीं है,
बचालो कन्हियाँ आकर बचा लो हमे अब किसी का सहारा नहीं है,
हमने सुना है के हम बेसाहराओ का कलयुग में तू ही सहारा बनेगा ,
मेरे सँवारे

ये माना के हम है गलतियों के पुतले,
मगर तुम दयालु हो ये जानते है,
तुम्हे अपने मालिक बंधू सखा और माता पिता भी तुम्हे मानते है,
अगर आज हम पर जरा सी भी आई,
तुम्हारी दया पे जमाना हसे गा ,
मेरे सँवारे

अगर ये है जिद तो जिद ही सही है,
हमारा क्या तुम पे ये हक भी नहीं है,
ना मानो बुरा इन बातो का दिलबर हम ने तो अपने दिल की कही है,
मेरी प्रीत साँची है साँची रहे गी संजू तुम्हे भी निभाना पड़े गा,
मेरे सँवारे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13162/title/mere-sanware-apni-daya-ka-khajaana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |